राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(राजभाषा कक्ष)

संख्याः1-14/हिन्दी पखवाड़ा/हिन्दी/एनएससी/2014-15 दिनांकः 03 सितम्बर, 2014

विषयः स्वर्गीय शंकर दयाल सिंह 'स्मृति पुरस्कार योजना' के अन्तर्गत वर्ष 2014 - 15 के लिए हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन।

प्रसिद्ध सांसद और हिन्दी के जाने-माने विद्वान एवं लेखक स्वर्गीय शंकर दयाल सिंह की स्मृति में निगम में हर वर्ष अखिल निगम स्तर पर हिन्दी में एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किए जाने का सक्षम प्राधिकारी ने निर्णय लिया है। इस बार के हिन्दी निबन्ध का विषय है - ***'विलय उपरान्त एकीकृत एनएससी का चहुंमुखी विकास - सम्भावनाएं और सुझाव'***।

निबन्ध फुलस्कैप पेपर पर हिन्दी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ - साफ लिखा होना चाहिए। निबन्ध एक से डेढ़ हजार शब्दों के बीच होना चाहिए। मुख्यालय के राजभाषा कक्ष में निबन्ध प्राप्त होने की अन्तिम तिथि ***20 सितम्बर, 2014 है। निबन्ध स्पीड पोस्ट, फैक्स या ईमेल द्वारा भिजवाये जा सकते हैं।***

निबन्ध में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन पुरस्कार अखिल निगम स्तर पर दिए जायेंगे, जिनकी पुरस्कार राशि इस प्रकार है -

1.	प्रथम पुरस्कार	रु.1500/-
2.	द्वितीय पुरस्कार	रु.1200/-
3.	तृतीय पुरस्कार	रु.1000/-
4.	प्रोत्साहन पुरस्कार	रु.500/-
5.	प्रोत्साहन पुरस्कार	रु.500/-

पुरस्कार हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर दिए जायेंगे।

मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षों और अनुभागाध्यक्षों तथा क्षेत्रीय एवं फार्म प्रबन्धकों से अनुरोध है कि वे इस परिपत्र की विषयवस्तु से अपने अधीनस्थ सभी कार्मिकों को अवगत करा दें और उन्हें उक्त विषय पर हिन्दी में निबन्ध लिख कर उक्त तिथि तक मुख्यालय के राजभाषा कक्ष में भिजवाने के लिए प्रेरित करें।

(बिमल दे)
प्रबन्धक (राजभाषा)
ईमेलः bimal_1954@hotmail.com
मोबाईल - 9560745444

वितरणः

1. मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं अनुभागाध्यक्ष - आवश्यक कार्रवाई हेतु।
2. एनएससी के सभी क्षेत्रीय तथा फार्म प्रबन्धक - अनुरोध है कि क्षेत्रीय एवं फार्म कार्यालयों तथा प्रक्षेत्र कार्यालयों में अपने अधीन सभी कार्मिकों को इस परिपत्र की विषयवस्तु से जल्द से जल्द अवगत करवा दें ताकि उन्हें निबन्ध लिखने और उसे टाईप करवाकर मुख्यालय भिजवाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।
3. सूचना तकनीक कक्ष - कृपया इस परिपत्र को एनएससी की वैबसाइट में 'हिन्दी कक्ष' शीषर्क के अन्तर्गत अपलोड कर दें।
4. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक के निजी सचिव - सूचनार्थ।
5. सूचना पट्ट।